# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

चतुर्थ तल,छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, (दक्षिण पूर्व कॉर्नर)
सेक्टर–27, नवा रायपुर, अटल नगर, पिन–492015 (छत्तीसगढ)
दूरभाष–0771–2511285, 2511287, ई–मेलः office.mdnrhm@gmail.com

क्रमांक / **NHM** / **HR** / 2021 / NS-1013/2439 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 01/12/2021

## Community Health Officer (CHO)

## / / दावा–आपत्ति हेतु सूचना / /

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक / NHM / HR / 2021 / NS–1013 / 2134 दिनांक 03.11.2021 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ अंतर्गत प्रदेश के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के सुचारू संचालन हेतु **सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (Community Health Officer)** के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 05.11.2021 से 25.11.2021 समय–सायं 05:00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

01 / उक्त पद पर भर्ती हेतु प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों की स्क्रुटनी उपरांत दावा–आपत्ति के लिये पात्र–अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में अपलोड की जा रही है। अतः अभ्यर्थी **दिनांक 01.12.2021 से 06.12.2021 सायं–05:00 बजे तक ई–मेल आई.डी. davaapttihwc@gmail.com** में अपना दावा–आपत्ति ***संलग्न निर्धारित प्रारूप*** में प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा–आपत्ति हेतु ई–मेल प्रेषित करते समय **विषय में अभ्यर्थी का नाम एवं ऑनलाईन आवेदन का पंजीयन क्रमांक उल्लेखित करना** तथा दावा–आपत्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना अनिवार्य होगा।

02 / दावा–आपत्ति हेतु प्रस्तुत आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप में नहीं होने, ई–मेल में अभ्यर्थी का नाम नहीं होने, ऑनलाईन आवेदन का पंजीयन क्रमांक उल्लेखित नहीं होने या निर्धारित समय के पश्चात् दावा–आपत्ति प्राप्त होने तथा अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित करने पर दावा–आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। **दावा–आपत्ति हेतु अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों का केवल 01 PDF File बना कर प्रेषित करेंगे।**

03 / जिन आवेदकों के आवेदन में ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क कार्यालय के बैंक खाते में प्राप्त नहीं हुये हैं, उनको आवेदन शुल्क अप्राप्त होने के कारण अपात्र किया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी कृपया ऑनलाईन शुल्क भुगतान की रसीद (SBI Collect Receipt) अथवा मोबाईल में भुगतान संबंधी मैसेज की स्क्रीन शॉट ई–मेल आई.डी. **davaapttihwc@gmail.com** में निर्धारित प्रारूप के साथ प्रेषित कर सकते हैं, नियमानुसार सही पाये जाने की दशा में उन्हें पात्र किया जायेगा।

04 / ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के पूर्णांक / प्राप्तांक नहीं भरे हैं, त्रुटि पूर्ण भरा गया है अथवा एग्रीगेट अंक नहीं भरा गया हैं, उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना पूर्णांक / प्राप्तांक / प्रतिशत को अनिवार्यतः स्पष्ट करें व अंतिम वर्ष की अंकसूची संलग्न करें अन्यथा अपात्र होने की स्थिति में अभ्यर्थी के स्वयं की जवाबदारी होगी।

अद्यतन जानकारी हेतु अभ्यर्थी निरंतर विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in का अवलोकन करें।

(हस्ताक्षर) 01/12/2021
**संयुक्त संचालक**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**छत्तीसगढ़**

प्रति,

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

विषय – दावा–आपत्ति प्रस्तुत करने विषयक।

––00––

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पदनाम | |
| 2. | आवेदन पंजीयन क्रमांक<br>(ऑनलाईन आवेदन में अंकित **Registration ID**) | |
| 3. | अभ्यर्थी का नाम | |
| 4. | पिता/पति का नाम | |
| 5. | पात्र–अपात्र सूची में अंकित रिमार्क | |
| 6. | आपत्ति का विवरण | |
| 7. | संलग्न दस्तावेज | |

टीप – उक्त जानकारी पूर्ण करते हुए दावा–आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर